तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 8 जनवरी 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

गन्ना एवं दलहन-तिलहन की खेती को नहीं मिल पा रहा प्रोत्साहन

4



## खबर संक्षेप

### मौहाडीह संगम तट पर मकर स्नान व रामकथा 15 को

**बिर्रा।** मकर संक्रांति के अवसर पर 15 जनवरी को मकर स्नान एवं एक दिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया है। वहीं शाम 5 बजे हसदेव-महानदी संगम स्थल सिद्ध बाबा मंदिर मौहाडीह (सिलादेही-बिर्रा) में भव्य चित्रोत्पला नदी की महाआरती होगा। मुख्य अतिथि जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बालेश्वर साहू होंगे। इस संबंध में पूर्व उपसरपंच राजकुमार पटेल ने बताया कि सूर्य उत्तरायण का महापर्व मकर संक्रांति महोत्सव के अवसर पर हसदेव महानदी संगम स्थल पर स्थित ग्राम के सिद्ध देवता सिद्धबाबा मंदिर में सुबह 9 बजे रामायण गायन कथा की शुरुआत होगी। दोपहर भोजन भंडारा और शाम 5 बजे महाआरती होगी। आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासी और आयोजन महिला समिति, जागरूक मंच मौहाडीह सिलादेही जुटे हुए हैं।

### ग्रामीणों को मनरेगा के दिशा निर्देशों की दी गई जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत प्रत्येक माह आयोजित होने वाले रोजगार दिवस में दिशा निर्देशों की जानकारी ग्रामीणों, जॉबकार्डधारी परिवारों को दी गई। जिसमें मनरेगा के तहत किये जा रहे कार्यों से अवगत कराया गया। रविवार 7 जनवरी को जिले की ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजित हुआ। जिसमें जनपद पंचायत बलौदा के कार्यक्रम अधिकारी ने ग्राम पंचायत गतवा में ग्रामीणों को उनके अधिकारों से अवगत कराया गया। गोदी की नापजोख के बारे में एवं प्रतिदिवस कार्य के दौरान जॉबकार्ड में कार्य की उपस्थित दर्ज कराने की जानकारी दी। इसके अलावा ग्राम पंचायत जाटा, खिसौरा, जर्वे ब, करमा, कोसमंदा, मड़वा में रोजगार दिवस के दौरान जानकारी दी गई। जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत भुईगांव में तालाब गहरीकरण के दौरान जॉबकार्डधारी परिवार, ग्रामीणों को जानकारी दी गई। नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पाली सहित अन्य जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत में में भी रोजगार दिवस का आयोजन हुआ ।

### विकसित भारत संकल्प शिविर में हितग्राही हुए लाभान्वित

**जांजगीर-चांपा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए एलईडी वैन जिले के दूरस्थ ग्राम पंचायतों तक में पहुंच रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण उत्साह के साथ शामिल हो रहे हैं। केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने हेतु विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन आज जिले के जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पेण्ड्री (नवा.), ठाकुरदिया में पहुंचा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने नागरिकों को शासकीय योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभन्वित किया जा रहा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित हुए जिन्हें भारत को विकसित भारत बनाने के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

### 9 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ पुलिस ने अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को रविवार 7 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली की भुईगांव निवासी 31 वर्षीय बोधराम मनहर कच्ची महुआ शराब की अवैध बिक्री करता है। सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर उसके कब्जे से जेरीकेन में रखा 9 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

सुपोषण अभियान चलाने के बाद भी नही सुधर पा रही स्थिति

# हर माह लाखों खर्च करने के बावजूद डेढ़ हजार से अधिक बच्चे गंभीर कुपोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

महिला बाल विकास विभाग सुपोषण अभियान चलाने के साथ ही बच्चों को कुपोषण से बाहर निकालने हर माह लाखो रूपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी बच्चों की शारीरिक स्थिति सुधर नही पा रही है। जिले के आंगनबाडियों में अभी भी 1 हजार 728 बच्चे गंभीर कुपोषित हैं। वही 10 हजार 877 बच्चे कुपोषित की श्रेणी में है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 6 परियोजना के 49 सेक्टर अंतर्गत 1 हजार 3 सौ 54 आंगनबाडी केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के करीब 50 हजार 716 बच्चो के नाम दर्ज किए गए है। इनमे से करीब 10 हजार 877 बच्चे कुपोषित और 1 हजार 7 सौ 28 बच्चे गंभीर कुपोषित की श्रेणी में आते है। देखा जाए तो आंगनबाडी केंद्रों में नाम दर्ज कराने से लेकर पढाई लिखाई करने वाले बच्चो पर लाखो रूपए हर माह खर्च कर दिए जाते है। वही दुसरी ओर कुपोषित एंव गंभीर कुपोषित बच्चो की संख्या आज भी बरकरार है। महिला बाल विकास विभाग के द्वारा एक तरफ तो हर साल बच्चो को सुपोषित बनाने योजना चलाकर ब्यापक रूप से प्रचार प्रसार भी किया जाता है। वही दुसरी ओर आज भी बड़ी संख्या में बच्चे कुपोषण की श्रेणी से नही उबर पाए है। नियमानुसार आंगनबाडी केन्द्रों मे जिन बच्चो का नाम दर्ज है अथवा जो बच्चे कुपोषण के दायरे में आते है ऐसे बच्चो को आंगनबाडी केन्द्र के कार्यकर्ता एंव सहायिकाओ के सहयोग से पोषण पुनर्वास केन्द्र मे भर्ती किया जाना रहता है। पोषण पुर्नवास केन्द्र में बच्चो को करीब 15 से 20 दिनो तक रखकर उनके स्वास्थय की नियमित रूप से चेकअप करने के साथ साथ कुपोषित बच्चो को मीनु चार्ट के अनुसार भोजन एवं अन्य प्रोटिन उपलब्ध कराया जाना रहता है। इसके साथ ही बच्चो को पोषण पुर्नवास केन्द्र में रखने के एवज मे उसकी मां को शासन के द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान भी की जाती है। साथ ही साथ मां को भी पोषण पुर्नवास केन्द्र में भोजन की ब्यवस्था भी बनाई जाती है। इसके बाद भी कई आंगनबाडी कार्यकर्ता एंव सहायिका कुपोषित बच्चो को पोषण पुर्नवास केन्द्र तक लाने ध्यान तक नही देते है।



### गर्भवती महिलाओं का नाम आंगनबाडी केन्द्रों में जरूरी

गर्भवती महिलाओ का नाम आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज कराना जरूरी रहती है, ताकि प्रसव के पूर्व महिलाओ की स्वास्थय से जुडी जानकारी और समय पर प्रोटिन आहारो के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके। ऐसे महिलाओ का नाम केन्द्र मे दर्ज होने से इसकी जानकारी विभाग को भी रहती है। इस दौरान उन महिलाओ को समय पर संस्थागत प्रसव से लेकर अन्य सुविधाए भी प्राप्त हो जाती है। गर्भवती महिलाओं के आलावा 0 से 6 माह तक के बच्चों का नाम भी आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज किया जाता है। जिले में इस उम्र के 45 हजार 365 बच्चों के नाम आंगनबाडी केन्द्रों में दर्ज हैं।

### मीनू चार्ट के अनुसार भोजन नही

आंगनबाडी केंद्रों में पढने लिखने वाले 3 से 6 साल के बच्चो को मीनु चार्ट के अनुसार अलग अलग दिनो मे अलग अलग प्रकार का भोजन उपलब्ध कराया जाना रहता है। इनमे चांवल, दाल ,सब्जी,पापड, आचार, सलाद,खीर,चना, बुंदी, गुड समेत अन्य भोज्य पदार्थ शामिल है। जिनको बच्चो को रूटिन के मुताबिक उपलब्ध कराया जाना रहता है। कई केंद्रों में बच्चो को मीनु चार्ट के अनुसार भोजन तो दुर की बात चांवल, दाल एंव सब्जी भी उपलब्ध नही हो पाती है। जिसके चलते छोटे बच्चो को परेशानी भी उठानी पडती है।

### चलाया जाता है अभियान

कुपोषण दूर करने को लेकर अभियान चलाया जाता है। वही कुपोषण की जानकारी मिलने पर ऐसे बच्चो को आंगनबाडी कार्यकर्ता के माध्यम से पोषण पुर्नवास केन्द्र मे भर्ती भी कराया जाता है। केन्द्रो में मीनु चार्ट के अनुसार भोजन को लेकर कार्यकताओ को निर्देश भी जारी किया गया है।

**-अनिता अग्रवाल,** महिला बाल विकास अधिकारी



# बिना सूचना के अनुपस्थित 8 शिक्षकों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

शासकीय महामाया हायर सेकेन्ड्री स्कूल का नायब तहसीदार एवं उनकी टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया था। इस दौरान स्टाफ के 22 में से 8 शिक्षक बिना किसी सूचना के स्कूल से नदारद मिले थे। शिक्षकों की अनुपस्थिति को लेकर नायब तहसीलदार ने प्रतिवेदन एसडीएम को भेजा था, जिस पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम ने 8 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही साथ समुचित जवाब नहीं प्रस्तुत करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

- नायब तहसीदार ने महामाया स्कूल का औचक निरीक्षण कर एसडीएम को भेजा था प्रतिवेदन

गौरतलब है कि पामगढ़ के महामाया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के समय पर नहीं आने की शिकायत अधिकारियों से की गई थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने नायब तहसीदार को जांच करने के 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विघालय का निरीक्षण में भेजा। निरीक्षण के दौरान महामाया स्कूल में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल हिन्दी माध्यम में पदस्थ 22 में से 8 शिक्षक नदारद मिले। शिक्षकों के स्कूल में नही होने को लेकर स्कूल के प्राचार्य श्रीमती एन जे एक्का से जब जानकारी ली गई तो उनका कहना था कि 55 छात्र-छात्राए तकनीकि शिक्षा एवं व्यवसायिक भ्रमण के लिए 1 महिला एवं 1 पुरूष शिक्षक की ड्यूटी लगाई गई है। बाकि के शिक्षक बिना किसी सूचना एवं जानकारी दिए स्कूल से नदारद मिले। इस पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीदार एवं उनकी टीम ने जांच कर प्रतिवेदन पामगढ़ एसडीएम को भेजा गया था। जिस पर एसडीएम आर.के. तंबोली ने कार्यवाही करते हुए 8 शिक्षको को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही साथ समुचित जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। जिन शिक्षको को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है उनमें मनोरमा साहू, गीता सोनी, भावना पांडेय, गायत्री साहू, सुभद्रा जांगडे, अंजु भारते, रामलाल कश्यप, रामलाल डनसेना शामिल है।

# किराना दुकान का सामान चोरी करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

किराना दुकान का सामान चोरी करने वाले 5 आरोपियों को अकलतरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 64 हजार रुपए की राशन सामाग्री और घटना में उपयोग स्कॉर्पियो वाहन जब्त किया गया है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम तरौद में पवन कुमार अग्रवाल की किराना दुकान है। उसने स्वराज माजदा में किराना सामान डिलवरी के लिए रखा था, जिसकी चोरी कर ली गई। मामले की रिपोर्ट पर अकलतरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 379 कायम कर विवेचना मे लिया था। विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने टकेश्वर गोस्वामी, मनोज कुमार मिरी, पुष्पेन्द्र साहू, जाकीर खान, रविन्द्र कुमार उर्फ राहुल राजपूत को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया और स्कॉर्पियो वाहन में चोरी का सामान ले जाने की बात बताई। आरोपियों के कब्जे से 64 हजार रुपए का चोरी का राशन सामान और घटना में उपयोग किए गए स्कॉर्पियो वाहन को जब्त किया गया। पुलिस ने बलौदा थाना क्षेत्र के नीमभाठा निवासी 35 वर्षीय टकेश्वर गोस्वामी, कोरबी निवासी 25 वर्षीय मनोज कुमार मिरी, नगवा निवासी 30 वर्षीय पुष्पेन्द्र साहू, बछौद निवासी 19 वर्षीय जाकीर खान और सुलताननार निवासी 25 वर्षीय रविन्द्र कुमार उर्फ राहुल राजपूत को धारा 379, 34 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

**खास बात**

- चोरी हुई 64 हजार की राशन सामग्री और घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों जब्त



गिरफ्तार आरोपी व जब्त सामान।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था महुदा में प्लेसमेंट कैंप 9 को

जांजगीर-चांपा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) में 9 जनवरी को सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर की ओर से आईटीआई पास विभिन्न व्यवसायों हेतु कैंपस का आयोजन किया जाएगा। प्राचार्य ने बताया कि सुजुकी मोटर्स - द प्लेसर की ओर से 21500 रुपये मासिक की दर से एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न व्यवसाय (फिटर, मैकेनिक डीजल, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मशीनिष्ट, वेल्डर, इलैक्ट्रिशियन, टूल एण्ड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल) के ऐसे प्रशिक्षणार्थी शामिल हो सकते है।

# बांस-बल्ली के सहारे हो रही बिजली की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा गांव के ठाकुरदेव मोहल्ले में बांस बल्ली के सहारे बिजली की सप्लाई हो रही है। ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मोहल्ले में लगे 100 केवीए के ट्रांसफार्मर से दर्जनों घरों तक बांस के खंभे के सहारे बिजली आपूर्ति कराई जा रही है। बिजली के तार बांस के खंबे से लटक रहे है। कुछ लोगों की जमीन व बाड़ी भी ट्रांसफार्मर के आसपास है जिन्हें अपनी जमीन तक पहुंचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जान का खतरा भी सता रहा है। लोगों का कहना है कि मोहल्ले में अस्थाई तौर पर बांस के खंबे के सहारे विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। ऐसे में कभी भी तेज आंधी के चलते बड़ा हादसा हो सकता है साथ ही शॉर्ट सर्किट का भय हमेशा बना रहता है। हैरानी की बात तो यह है कि इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों को जानकारी होने के बावजूद उन्होंने अभी तक व्यवस्था दुरुस्त कराने ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जर्जर तार को जुगाड़ के सहारे जोड़ गांठ करके उनके जरिए पूरे मोहल्ले में विद्युत आपूर्ति कराई जा रही है। इस ध्वस्त व्यवस्था के चलते आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। वहीं फाल्ट को सही करने में विद्युत कर्मचारियों को कई घंटे लगते हैं, तब-तक लोगों को बिना बिजली के रहना पड़ता है।

- विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था से मोहल्लेवासियों में नाराजगी



बांस बल्ली के सहारे विद्युत सप्लाई लाइन का मकड़जाल।

# पूर्व जिला महामंत्री ने भाजपा के खिलाफ खोला मोर्चा, बुलाई कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भाजपा के जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व जिला महामंत्री गगन जयपुरिया ने भाजपा के जिला संगठन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती में एक बैठक बुलाई, जिसमें लगभग 100 की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।

जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा व विधानसभा चुनाव संचालन समिति जैजैपुर के सदस्यों ने संयुक्त हस्ताक्षर करके गगन जयपुरिया के द्वारा विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों की शिकायत प्रदेश नेतृत्व के समक्ष की थी। इसके बाद प्रदेश संगठन के निर्देश अनुसार गगन जयपुरिया को जिला महामंत्री पद से हटा दिया गया था। तब से गगन जयपुरिया ने जिला संगठन के विरोध में मोर्चा खोल दिया है। इसी कड़ी में गगन जयपुरिया ने सक्ती सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार 7 जनवरी को बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी सफ़ाई पेश की। उन्होंने अपने ऊपर हुई कार्रवाई को गलत बताते हुए कार्यकर्ताओं से समर्थन मांगा। बैठक में लगभग 100 कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### प्रदेश नेतृत्व से की जाएगी शिकायत : चंद्रा

भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा का कहना है कि सरस्वती शिशु मंदिर सक्ती में रविवार 7 जनवरी को गगन जयपुरिया द्वारा जो बैठक बुलाई गई वह अनाधिकृत बैठक है। इसके लिए संगठन से अनुमति नहीं ली गई है। संगठन के अनुमति के बिना कोई भी इस तरह की बैठक करता है वह अनुशासनहीनता की परिधि में आता है। पार्टी संगठन के शीर्ष नेतृत्व को इसे अवगत कराया जाएगा। श्री चंद्रा ने कहा कि जब उन्हें इस बैठक के संबंध में जानकारी मिली तो कार्यकर्ताओं के लिए एक सूचना जारी करके इस बैठक में जाने से मना किया गया। साथ ही यह भी कहा गया था कि संगठन संबंधित कोई भी बात उच्च मंच पर उच्च पदाधिकारी के समक्ष रखें। ऐसी शिकायतों को सुनने के लिए पार्टी के जो अधिकृत पदाधिकारी हैं उन्हीं के समक्ष ऐसी बात रखनी चाहिए। इस तरह की शिकवा शिकायतों को सरेआम सार्वजनिक बैठक में रखना उचित नहीं है, जिन्हें भी अपनी सफाई देनी है वे प्रदेश नेतृत्व के पास जाकर दे सकते हैं। पार्टी के कार्यकर्ताओं को भड़का कर अथवा भ्रमित करके बैठक में बुलाना उचित नहीं है। बल्कि यह अनुशासनहीनता है। इस विषय में पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की शिकायत पर 7 आरोपी गिरफ्तार

# सोशल मीडिया का दुरूपयोग कर किए जा रहे अश्लील पोस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सोशल मीडिया का दुरूपयोग लगातार बढ़ता जा रहा है। फेस बुक और इंस्ट्राग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर महिलाओं और बच्चों के अश्लील फोटो और वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की सोशल मीडिया पर पैनी नजर है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की शिकायत पर कार्यवाही करते हुए सायबर सेल पुलिस जांजगीर द्वारा अलग अलग जगहों से जिले के 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

आधुनिकता के दौर में हर हांथ में स्मार्ट फोन है और सभी मोबाईल धारक सोशल मिडिया का उपयोग भी करते हैं। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया का दुरूपयोग बढ़ता जा रहा है। रंजीश भुनाने या किसी को बदनाम करने की नीयत से सोशल मीडिया में अश्लील फोटो और वीडियो वायरल किए जा रहे हैं। इस पर लगाम लगाने साइबर सेल पुलिस द्वारा कार्रवाई की जा रही है।राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की 24 घंटे आनलाईन फेस बुक, इंस्ट्राग्राम पर नजर है। अश्लीलता से संबंधित पोस्ट की शिकायत पर जिला पुलिस द्वारा महिलाओं और नाबालिक बच्चों पर घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की शिकायत पर 7 जनवरी को जिले के थाना चाम्पा, जांजगीर, अकलतरा, मुलमुला क्षेत्र अंतर्गत कार्यावाही की गई। थाना चांपा में 2 आरोपी, थाना जांजगीर में 2 आरोपी, थाना अकलतरा में 4 आरोपी के विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियों द्वारा फेसबुक व इंस्ट्राग्राम के माध्यम से बाल अश्लीलता से संबंधित विडियों मोबाईल से पोस्ट किया गया था। आरोपियों में मुलमुला थाना क्षेत्र के परसदा आरसमेटा निवासी 23 वर्षीय प्रदीप कुमार निषाद, कोनारगढ़ निवासी 50 वर्षीय विद्युत विश्वास, अकलतरा थाना क्षेत्र के सांकर निवासी 31 वर्षीय अनिल कुमार, किरारी निवासी 23 वर्षीय सुख सागर कश्यप, चाम्पा के संजय नगर निवासी 25 वर्षीय मोतीलाल देवांगन, गेमन पुल बेरियर चौक निवासी 19 वर्षीय निलेश निषाद, जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम धुरकोट निवासी 45 वर्षीय परमेश्वर कहरा और एक नाबालिग शामिल है।




**ऑटोमेटेड साफ्टवेयर से रखी जा रही नजर**-सोशल मीडिया में महिला एवं बच्चो से संबंधित अश्लील फोटो विडियो शेयर करना अपराध है। सायबर पुलिस द्वारा शोसल मीडिया साईट्स में ऑटोमेटेड साफ्टवेयर से नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया साईट्स में किया गया पोस्ट मैसेज व्यक्तिगत नही होता है, बल्कि अनेक लोगो को प्रसारित होता जाता है। किसी भी मैसेज या फोटो विडियो को फारवर्ड करने से पूर्व उसकी सत्यता की जांच कर ले। सायबर सेल पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करें। किसी प्रकार का अश्लील फोटो विडियो तथा किसी जाति, धर्म,क्षेत्र, संगठन या धार्मिक भावनाओ को ठेस पहूचाने वाले फोटो विडिया या मैसेज पोस्ट न करें। सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो विडियो पोस्ट करने वालों पर साईबर टिपलाईन रिपोर्ट के आधार पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर मासूम बच्ची की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ट्रैक्टर की चपेट में आकर मासूम बच्ची की मौके पर मौत हो गई। वहीं 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बीडीएम अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। घटना को अंजाम देकर वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना चाम्पा थाना क्षेत्र के वार्ड नबंर 1 हनुमान धारा की है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 7 जनवरी की है। स्कूटी में सवार होकर 2 महिला और 5 वर्षीय मासूम बच्ची हनुमान धारा से चाम्पा की ओर आ रहे थे। इस बीच ट्रैक्टर के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। घटना में 5 वर्षीय मासूम बच्ची वाधिका देवांगन की मौक पर ही मौत हो गई। वहीं 2 महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच वाहन का चालक मौका देख फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घटना को लेकर जानकारी लेती रही।

- स्कूटी सवार दो अन्य महिला घायल

इस बीच मार्ग पर भीड़ के चलते कुछ देर आवाजाही प्रभावित हुई । घटना के बाद पुलिस ने मासूम के शव का पंचनामा उपरांत पीएम की कार्यवाही के लिए भेज दिया है। पुलिस वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर पतासाजी में जुट गई है।

7- JAN Coriya-RAIGARG- Bhoomi pg-3_Layout 1 1/7/2024 8:23 PM Page 1





# 'फाइटर' के नए गाने का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** सिद्धार्थ आनंद की मचअवेटेड फिल्म 'फाइटर' को लेकर गजब का बज बना हुआ है। दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन की इस इस एरियल एक्शन फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म के थीम सॉन्ग 'हीर आसमानी' का टीजर जारी किया है। जोश और जज्बे से भरपूर इस गाने का टीजर बेहद दमदार नजर आ रहा है, जहां दीपिका और रितिक का जलवा देखने को मिल रहा है। वहीं देशभक्ति के जुनून से भरपूर ये गाना हमारे देश की सुरक्षा में लगे फाइटर पायलटों को समर्पित है।

लाइफ Style



# श्रद्धा

## ट्रेडिशनल लुक में आईं नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पद्मिनी कोल्हापुरे और प्रदीप शर्मा के बेटे प्रियांक शर्मा और उनकी पत्नी शजा मोरानी जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। हाल ही में कपल की गोदभराई सेरेमनी हुई थी। इस दौरान बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर भी अपने कजिन ब्रदर की खुशियों में शामिल होती हुई नजर आईं।

इस खास मौके की कई तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। प्रियांक शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की एक सीरीज पोस्ट की है जिसमें न केवल श्रद्धा कपूर बल्कि प्रियांक की मां, पद्मिनी कोल्हापुरे और शाजा मोरानी की बहन ज़ोआ भी शामिल नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में श्रद्धा कपूर को प्रियांक और शजा के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता है। गोदभराई के मौके पर शज़ा और प्रियांक ने शाइनी पिंक कलर के आउटफिट पहने थे। मॉम टू बी शजा अट्रैक्टिव ज्वैलरी के साथ साटन की साड़ी में अपने बेबी बंप को फ्लॉन्ट करती हुई नजर आईं। वहीं प्रियांक ने भी ट्विनिंग करते हुए कुर्ता-पायजामा पहना था।

वहीं श्रद्धा के लुक की बात करें तो एक्ट्रेस ने अपने कजिन ब्रदर और भाभी की गोदभराई फंक्श नके लिए ट्रेडिशनल लुक कैरी किया था। श्रद्धा ने लेमन कलर की अनारकली ड्रेस पहने हुई थी और वे काफी प्यारी लग रही थीं। उन्होंने अपनी नाक में नथ, झुमका और बालों का जूड़ा बनाकर अपना लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान एक्ट्रेस ने जमकर ठुमके भी लगाए। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रोमी ब्री को कर रहे हैं डेट

**लॉस एंजेलिस।** सिंगर जो जोनस ने बीते साल 2023 में हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस सोफी टर्नर से अपनी राहें अलग की। अब लगता है कि सोफी से तलाक के बाद प्रियंका चोपड़ा के जेठ जो जोनस की अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। जो जोनस की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हुई है। सिंगर इस समय एक्ट्रेस स्ट्रोमी ब्री को डेट कर रहे हैं। ऐसी खबरें जो जोनस की स्ट्रोमी ब्री संग तस्वीरें सामने आने के बाद वायरल हो रही हैं। सामने आईं तस्वीरों में दोनों को स्की आउटिंग एंजॉय करते देखा जा सकता है।



# बेटी संग न्यूयॉर्क में स्पॉट हुईं एंजेलिना...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस एंजेलिना जोली अपने लुक्स को लेकर अक्सर चर्चा में रहती है। एक्ट्रेस को जब भी पब्लिक प्लेस पर स्पॉट किया जाता है तो वह अपने फैशन से लोगों का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में एंजेलिना जोली को बेटी जाहारा के साथ न्यूयॉर्क में स्पॉट हुईं, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो एंजेलिना जोली ब्लैक लॉन्ग कोट और जींस में स्टाइलिश दिखीं। हसीना ने इस दौरान लैदर ब्लैक शूज पेयर किए थे। मिनिमल मेकअप, ब्लैक ओवर साइज्ड शेड्स एंजेलिना जोली के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वर्क की बात करों तो एंजेलिना ने हाल ही में निर्देशक और निर्माता के रूप थ्रिलर विदाउट ब्लड का काम पूरा किया है।



# सिंघम-3 में श्वेता बनेंगी खुफिया अधिकारी

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने एक दिलचस्प खुलासा किया है। अब श्वेता रोहित शेट्टी की अपकमिंग फिल्म 'सिंघम अगेन' में दिखाई देंगी। 'सिंघम 3' में श्वेता तिवारी खुफिया अधिकारी के रोल में दीपिका पादुकोण के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक श्वेता तिवारी सिंघम अगेन में एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाएंगी। श्वेता तिवारी का कहना है कि रोहित शेट्टी की 'इंडियन पुलिस फोर्स' का हिस्सा बनना उनके लिए सम्मान की बात है और जब उन्हें सिंघम अगेन के लिए उनकी टीम से कॉल आया, तो वह बहुत एक्साइटेड हुईं। श्वेता ने कहा, रोहित सर ने मुझसे कहा कि वह मुझे तभी दूसरा प्रोजेक्ट देंगे, जब मुझे इंडियन पुलिस फोर्स के सेट पर हर रोज खाना लाकर खिलाएंगी। लेकिन इसके बिना ही उन्होंने अपनी अगली फिल्म का ऑफर कर दिया।



# अजय ने शुरू की रेड-2 की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता अजय देगवन ने सरप्राइज दिया है और बताया कि अपनी एक और फिल्म के सीक्वल की शूटिंग शुरू कर दी है। 2018 में ब्लॉकबस्टर हुई 'रेड' की सफलता के बाद एक बार फिर से अजय और डायरेक्टर राजकुमार गुप्ता साथ आए हैं। 'रेड 2' के पोस्टर के साथ ही बताया कि इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक एक बार फिर से वापस आ गया है। फिल्म में सच्ची कहानी को दिखाया जाएगा जैसा कि पार्ट वन में भी था। अजय देगवन ने शनिवार से फिल्म रेड 2 की शूटिंग मुंबई में शुरू कर दी है। इसे मुंबई, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में शूट किया जाएगा। फिल्म के प्रोड्यूसर भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और कृष्ण पाठक हैं। पोस्टर में केवल पैर दिखाया गया है। फिल्म 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला





# अनुपमा ने की वापसी, पंड्या स्टोर की टॉप-5 में एंट्री...

**मुंबई।** रूपाली गांगुली, गौरव खन्ना स्टारर टीवी शो टॉप पर वापस आ गया है। एक समय राज करने वाली अनुपमा, जो कुछ समय के लिए अपनी रैंक खो चुकी थीं, फिर से टॉप पर हैं। ये रिश्ता क्या कहलाता है, इमली और अन्य शो टीआरपी चार्ट पर शानदार रैंक हासिल कर रहे हैं। कुछ शो ने सचमुच दर्शकों को हैरान कर दिया है। अनुपमा ने एक बार फिर से बाजी मार ली है। इस शो को 2.6 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की टीआरपी मिली है। शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा और सुमित सिंह स्टारर टीवी शो गुम है किसी के प्यार में अब दूसरे स्थान पर है। इसे 2.4 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन मिले हैं। ऐसा लगता है कि जिस तरह से नए ट्विस्ट के साथ कहानी में बदलाव किया गया है वह फैंस को पसंद नहीं आ रहा है। शहजादा धामी, समृद्धि शुक्ला, प्रतीक्षा होनमुखे और रोहित खजूरिया स्टारर टीवी शो ये रिश्ता क्या कहलाता है, टीआरपी चार्ट पर दिल जीत रहा है। साई केतन राव और अद्रिजा रॉय स्टारर इमली शो में जबरदस्त बदलाव देखने को मिला। काफी समय बाद पंड्या स्टोर ने टॉप 5 में एंट्री की है। 2.0 मिलियन व्यूअरशिप इंप्रेशन की रेटिंग के साथ यह पांचवें स्थान पर है। इसमें रोहित चंदेल और प्रियांशी यादव मुख्य भूमिका में हैं। प्रियांशी और रोहित की केमिस्ट्री फैन्स को खूब पसंद आ रही है।

## अस्पताल में भर्ती 'कोमोलिका



**मुंबई।** टीवी की कोमोलिका उर्वशी ढोलकिया की तस्वीरों ने उनके चाहने वालों की चिंता बढ़ा दी है। उर्वशी अस्पताल के बेड पर लेटी दिखीं। उनके बेटे क्षितिज ने अस्पताल से वीडियो पोस्ट किया। एक्ट्रेस को गर्दन में ट्यूमर (सिस्ट) की वजह से सर्जरी करानी पड़ी है। उनकी सर्जरी सफल रूप से हो गई है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम की सलाह दी है। उर्वशी मुंबई के नानावती अस्पताल में भर्ती हैं। उर्वशी ने एक बयान जारी कर कहा कि मुझे सर्जरी करानी पड़ी क्योंकि दिसंबर 2023 की शुरुआत में गर्दन में ट्यूमर का पता चला था। मेरी सर्जरी सफल रही है और अब मुझे 15 से 20 दिनों तक आराम की सलाह दी गई है। उर्वशी ने हाल ही में अनुज सचदेवा के साथ अपने तलाक पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र में तलाक के बाद उन्हें कभी सच्चा प्यार नहीं मिला।

# नहीं थम रही सालार की आंधी, बढ़ रही 700 करोड़ के क्लब की ओर



**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'सालार' बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। कुछ दिनों पहले 'सालार' 600 करोड़ के आंकड़े को पार चुकी है और अब ये 700 करोड़ क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी फिल्म हर दिन करोड़ों में कमाई कर रही है। खबर के मुताबिक अब तक प्रभास की फिल्म ने ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर 667.59 करोड़ रुपए का टोटल बिजनेस कर लिया है।

# अब ओटीटी पर स्ट्रीम होगी सलमान - कैट की टाइगर- 3




**मुंबई।** 'टाइगर 3' साल 2023 में रिलीज हुई थी। सलमान खान और कैटरीना कैफ स्टारर इस फिल्म को भी दर्शकों से काफी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। अब ये फिल्म जल्द ही ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। 'टाइगर 3' ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। हालांकि अभी 'टाइगर 3' की ओटीटी रिलीज डेट रिवील नहीं की गई है।

# अपकमिंग फिल्म मेरी क्रिसमस के प्रमोशन में जुटी कैटरीना



**मुंबई।** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'मेरी क्रिसमस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। रिलीजिंग से पहले वह फिल्म की जमकर प्रमोशन करती नजर आ रही हैं। इसी बीच प्रमोशन के सिलसिले में कैटरीना को बांद्रा में स्पॉट किया गया, जहां वह पैपराजी को जमकर पोज देती नजर आईं। कैटरीना की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं।

# वकील-पुलिस से भ्रष्टाचारी तक, दिलों दिमाग में ओम पुरी के अमिट अभिनय की छाप...



**मुंबई।** हिंदी सिनेमा के शानदार कलाकारों में एक नाम ओम पुरी का भी है। 6 साल पहले 6 जनवरी के दिन सिनेमा ने एक उम्दा कलाकार ओम पुरी को हमेशा के लिए खो दिया था। आज भले ही वह हमारे बीच नहीं हैं लेकिन अपनी यादगार परफॉर्मेंस के लिए वह हमेशा याद किए जाएंगे। ओम राजेश पुरी उर्फ ओम पुरी को किसी परिचय की जरूरत नहीं है। हीरो से लेकर विलेन और कॉमेडियन तक, एक्टर ने पर्दे पर ऐसी-ऐसी भूमिकाएं निभाईं, जो दर्शकों के दिलों-दिमाग पर हमेशा के लिए छप गए।

***1982 में मिला था पहला नेशनल अवॉर्ड*:** 'आरोहण' (1982) की कहानी ओम पुरी द्वारा निभाए गए हरि के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक गरीब किसान है और जमींदार की क्रूरता का शिकार होता है। फिल्म को आलोचकों द्वारा काफी सराहा गया और इसने उन्हें बेस्ट एक्टर की कैटेगरी में अपना पहला नेशनल अवॉर्ड दिलाया। कॉप-ड्रामा 'अर्ध सत्य' (1983) ओम पुरी के करियर की वो फिल्म है, जिसने उन्हें लगातार दूसरी बार नेशनल अवॉर्ड दिलाया था। फिल्म में एक ईमानदार पुलिस बने ओम पुरी ने अपने किरदार से दर्शकों का दिल जीत लिया था। 'अर्ध सत्य' में जहां ओम पुरी ने एक ईमानदार पुलिस की भूमिका निभाई थी, वहीं इसी साल रिलीज हुई 'जाने भी दो यारो' (1983) में उनका कैरेक्टर एकदम उल्टा था। इस फिल्म में अभिनेता ने एक भ्रष्टाचारी व्यापारी का किरदार निभाया था। एक डार्क कॉमेडी मूवी में ओम पुरी के कैरेक्टर ने लोगों का ध्यान खींचा था।

## साइड रोल में लूटी लाइमलाइट

सनी देओल स्टारर 'घायल' में ओम पुरी ने साइड रोल करके भी लाइमलाइट चुरा ली थी। फिल्म में ओम पुरी ने एसीपी डिसूजा की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म के लिए ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेटेड थे। 'गुप्त' (1997) में ओम पुरी ने इंस्पेक्टर उधम सिंह का किरदार निभाया था। इस फिल्म के लिए भी ओम पुरी फिल्मफेयर अवॉर्ड्स में सपोर्टिंग कैरेक्टर के लिए नॉमिनेट हुए थे।

## 66 साल की उम्र में कहा दुनिया को अलविदा

6 जनवरी 2017 वो मनहूस घड़ी थी, जब 66 साल की उम्र में हार्ट अटैक की वजह से ओम पुरी का निधन हो गया था। गोविंद निहलानी के निर्देशन में बनी 'आक्रोश' साल 1980 की बेहतरीन फिल्म रही। इस फिल्म ने बेस्ट फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया था। फिल्म में भीकू बने ओम पुरी ने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया था, जिस पर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप था। इस फिल्म ने ओम पुरी को अपना पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड दिलाया।

# रोमांचक प्रोजेक्ट की तलाश में भूमि



**मुंबई।** एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी शुरुआत करने के लिए एक अच्छे प्रोजेक्ट की तलाश में हैं। भूमि के अब तक के काम से साबित होता है कि वह आज भारत की सबसे डिसरप्टिव अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह केवल और केवल तभी स्ट्रीमिंग के लिए कदम उठाएंगी जब कोई बेहद रोमांचक प्रोजेक्ट उनके पास आएगा। वह कहती हैं, विश्व स्तर के साथ-साथ भारत में भी स्ट्रीमिंग कंटेंट का स्तर अविश्वसनीय है। मैं पिछले कुछ समय से डिजिटल क्षेत्र में कदम रखने के बारे में सोच रही हूं, लेकिन मैं इस बात को लेकर स्पष्ट हूं कि स्ट्रीमिंग पर मेरी शुरुआत कुछ ऐसी होनी चाहिए, जो रोमांचक हो और मेरे द्वारा की गई सभी अविश्वसनीय फिल्मों से अलग हो।

खबर संक्षेप

## बच्चों को शीतलहर से बचाव के बारे में दी गई जानकारी



**बलौदा।** सुरक्षित शनिवार बेगलेस डे पर जनपद प्राथमिक शाला चारपारा मे बच्चों को शीतलहर से बचाव के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कक्षा पांचवी के बच्चों के लिए संस्कृत प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ, जिसमे सुनैना ने सभी प्रश्नों के जवाब देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा चौथी मे गणित विषय पर घटाव प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे गणेश पटेल ने पहला स्थान प्राप्त किया गया. कक्षा तीसरी मे इंग्लिश रीडिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमे आदित्य भैना ने पूरे पाठ्य वस्तु को सही सही रीड कर पहला स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन मे शैक्षिक समन्व्यक पुनिदास महंत, प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान, शिक्षक सुरेश महंत, मनोज घृतलहरे, पुरुषोत्तम कश्यप, राजेंद्र थवाईत, सुप्रिया महिलाने, गणेश कुर्रे,डी एड प्रशिक्षार्थी सारिका शांडिल्य, रीना मेरावी, प्रीति चंद्राकर, राम सिंह व छात्र छात्राएं शामिल हुए। शीतलहर से बचाव के उपाय पुनिदास महंत, गणेश कुर्रे, राजेंद्र, पुरुषोत्तम कश्यप,सुप्रिया महिलाने, सारिका, रीना, प्रीति नरेश गुरूद्वान ने विस्तार से बताया। प्रतियोगिता का संचालन प्रधान पाठक नरेश गुरूद्वान ने किया। सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

## ग्राम सभा में पंचायत से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**अकलतर।** ग्राम पंचायत नरियारा में शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें पंचायत से संबंधित अनेक मुद्दों पर चर्चा व प्रस्ताव रखा गया। इसी बीच नारी शक्ति संघ सयोजक भवानी सिंह ने बताया की संघ के द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है जिसमें प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, सशक्त एवं निरीक्षण की व्यवस्था करता है उसका उपयोग गांव में करना चाहिए ताकि गांव के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था अच्छी हो सके और शैक्षणिक संस्थानों में सामाजिक सहभागिता भी बने रहे। नारी शक्ति संघ के अध्यक्ष अहिल्या साहू ने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था काफी कमजोर हो चुकी है अभी वर्तमान समय में ऐसे अधिकांश स्कूल है जिनमें अधिकांश बच्चे ना तो ठीक से हिंदी पढ़ पाते हैं नहीं इंग्लिश पढ़ पाते हैं और यही बच्चे जब बोर्ड परीक्षा दिलाते हैं तो फेल हो जाते हैं, इसका मुख्य कारण यही है की प्राथमिक व माध्यमिक स्तर में जो बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलनी चाहिए वह कहीं ना कहीं नहीं मिल पाती है जिसके कारण वह आगे जाकर के बोर्ड परीक्षाओं में फेल हो जाते हैं जिससे इनका पूरा जीवन बर्बाद हो जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संघ के द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया है हमारे संघ को इस शक्ति से अधिकृत करे ताकि वह अच्छी शिक्षा के पवित्र उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कटिबद्ध रूप से कार्य करें और गांव की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाएं। इस प्रस्ताव को ग्राम पंचायत नरियरा के सरपंच, पंचगण एवं ग्रामवासियों के द्वारा सर्वसम्मति से पूरे ग्राम सभा के बीच प्रस्तव को पारित किया गया। ज्ञापन प्रक्रिया में मंत्री सीमा साहू, उपाध्यक्ष लता नोर्गे, देविका बघेल, कार्यालय मंत्री उर्वशी विश्वकर्मा, सुनीता टंडन समेत संघ की आधिकांश महिलाए उपस्थित थी ।

## श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़ रही लोगों की भीड़



**तनौद।** आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी में नव ज्योति दूर्गा उत्सव समिति द्वारा नेता जी चौक पर आयोजित श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। तृतीय दिवस व्यास पीठ पर आसिन राधे प्रिया वृंदावन धाम द्वारा राजा दशरथ द्वारा पुत्र की कामना से किया जा रहा पुत्रकामेष्ठि यज्ञ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजा दशरथ के विवाह के बहुत दिन बाद भी कोई संतान नहीं होने के कारण उन्होंने अपने जीवन को कोसने लगे और मन ही मन पश्चाताप करने लगा कि मेरे भाग्य में संतान सुख नहीं लिखा है। उसके बाद उन्होंने भगवान सूर्य नारायण से प्रार्थना करते हुए कहा कि हे भगवान मुझे संतान प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कीजिए तब उन्होंने पुत्रकामेष्ठि यज्ञ करने का उपाय बताएं तब राजा दशरथ ने बताए विधी विधान के साथ पूजा अर्चना कर श्रृंगीऋषि के द्वारा पुत्रकामेष्ठि यज्ञ सम्पन्न कराया गया, जिससे प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने स्वयं राम के रूप जन्म लेने का वचन दिया। उसके बाद राजा दशरथ के घर में भगवान राम के साथ तीन भाईयों का भी जन्म हुआ। था में मुख्य यजमान के रूप में घनश्याम पटेल है। कथा का रसपान करने गांव के लोगों के अलावा लोहर्सी, देवरी, हड़हा, सिंघल द्वीप आदि गांवों के लोगों पहुंचे थे। कार्यक्रम की सफल बनाने बोधराम गायग्वाल, अशोक कुमार साहू, सुन्दर लाल सोन, भास्कर पटेल आदि जुटे हुए है।

### अविभाजित जिले के 200 ग्राम पंचायतों का किया गया है चयन

# गन्ना एवं दलहन-तिलहन की खेती को नहीं मिल पा रहा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अविभाजित जिले में दलहन तिलहन के साथ गन्ना की खेती को प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है। खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लगभग 200 ग्राम पंचायतों का चयन भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बाद भी आज भी जिले में परंपरागत धान की खेती हो रही है।

गौरतलब है कि दलहन-तिलहन के साथ गन्ना की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जांजगीर एवं सक्ती जिले के 200 ग्राम पंचायतों का चयन किया गया है, लेकिन कृषि विभाग का काम महज ग्राम पंचायतों का चयन करने तक सीमित रह गया है। ऐसे में दलहन तिलहन की खेती को प्रोत्साहन नहीं मिल पा रहा है। जांजगीर एवं सक्ती जिले में बड़े पैमाने पर खेती होती हैं। इनमें धान के अलावा चना, मूंगफली, मूंग, उड़द की खेती भी होती है, वहीं राज्य शासन की मंशा के अनुरूप फसल चक्र परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए दलहन तिलहन की खेती को भी बढ़ावा देना है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। हालांकि इस संबंध में विभाग के द्वारा दलहन-तिलहन



खेत में लहलहाती सरसों की फोटो। फाइल फोटो

की फसल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य योजना भी तैयार की जाती है, लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ कागजों में ही सिमटकर रह जाता है, जिसके चलते जिले के किसानों को नगदी फसल का लाभ नहीं मिल पाता। दोनों जिलों को मिलाकर करीब 3 लाख 50 हजार किसानों की संख्या है जो प्रमुख रूप से खेती करते हैं। अधिकांश किसान धान की खेती तक ही सीमित है। ऐसे में दलहन-तिलहन और गन्ना की खेती को बढ़ावा नहीं मिल पा रहा है।

### जमीन की उर्वरा शक्ति पर पड़ता है असर

बार-बार एक ही फसल लेने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर असर पड़ता है, वहीं उसकी नाइट्रोजन शक्ति भी धीरे-धीरे कम होने लगती है। इस बात को ध्यान में रखकर दलहन तिलहन एवं गन्ने की फसल को बढ़ावा देना है, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। नवागढ़ एवं बिर्रा क्षेत्र के कुछ गांव में गन्ने की खेती होती है। इसके बाद यहां गन्ना का उत्पादन भी नहीं होता।

# अंधकार से हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाला होता है गुरु : वैष्णव

### गुरु वंदना कार्यक्रम में 40 शिक्षकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला होता है। गुरु जीवन में आए समस्याओं को सुलझाने वाला होता है गुरु के माध्यम से सफलता के शिखर तक भी पहुंचा जा सकता है

उक्त बातें रामकृष्ण वैष्णव ने कही। बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कमरीद में शनिवार 6 जनवरी को गुरु वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि रामकृष्ण वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला होता है। गुरु के माध्यम से सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि दिल हरण लाल कश्यप ने कहा कि सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता। विशिष्ट अतिथि विजय सिंह राठौर ने कहा कि गुरु वंदना कार्यक्रम के माध्यम से सभी शिक्षक यहां एक मंच पर उपस्थित हुए हैं। यह एक गौरवशाली परंपरा एवं समय है। कार्यक्रम को राज्यपाल पुरुस्कृत



दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

शिक्षक बोधी राम साहू ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व मां सरस्वती के तेल चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत रूप से शुरुआत की गई। गुरु वंदना कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी हर तरफ से प्रशंसा होती रही। कार्यक्रम में 40 से अधिक शासकीय एवं निजी शिक्षकों के साथ-साथ जो शिक्षक सेवा निवृत हुए हैं और जिन्होंने गांव में अपनी सेवाएं दी हैं उन्हें श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रवि गबेल एवं शिशुपाल कश्यप एवं आभार प्रदर्शन इंजीनियर सुनील कश्यप ने किया। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र कश्यप, भुवनेश्वर कश्यप, राजेश कुमार, जयराम यादव, सेतराम यादव, नोहर लाल रत्नाकर, टी.के. महंत, बद्री विशाल कौशिक, ऋतंभरा कौशिक, दीपक कर्ष, राजाराम कर्ष, दिलीप कश्यप, शिक्षक रामधन कौशिक, दिनेश कुमार राठौर, शंकर लाल पांडे, विष्णु प्रसाद पांडेय, आर.के. कछुवाहा, राजेन्द्र मरकाम, सरपंच बुधराम कश्यप, जनपद सदस्य देव कुमार यादव सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए

## शैक्षणिक भ्रमण पर बच्चे पहुंचे श्रीहरिकोटा, इसरो के वैज्ञानिकों से ली अंतरिक्ष के घटना क्रम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के 34 विद्यार्थियों का एक दल चेन्नई श्री हरिकोटा (इसरो), कंजीपुरम, पांडिचेरी के लिए शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ मार्गदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा एवं जे. कविता साथ है।

4 से 9 जनवरी तक चलने वाली इस यात्रा को विद्यालय प्रांगण डायरेक्टर विजय कुमार अग्रवाल ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यार्थी एवं शिक्षकगण श्रीहरिकोटा इसरो रिसर्च सेंटर पहुंचे। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिकों से विभिन्न जानकारियां प्राप्त की तथा भारत की भावी अंतरिक्ष योजनाओं की जानकारियां भी ली। विद्यार्थियों ने इसरो के वैज्ञानिक एवं प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉक्टर एन. सुधीर कुमार



वैज्ञानिकों के साथ उपस्थित गुरु स्कूल के छात्र।

एवं अन्य वैज्ञानिकों से चंद्र- यान, आदित्य एल एवं अंतरिक्ष में हो रहे विभिन्न घटनाक्रम के बारे में भी जाना। बच्चो ने स्पेस म्यूजम, गैलरी, कंट्रोल सेंटर, पीएसआईभी, जीएसएलव्ही लांचिंग पैड को साक्षात देखा। डायरेक्टर सुधीर ने बच्चो को अपना ऑटोग्राफ दिया साथ ही बच्चो ने डायरेक्टर सुधीर को स्कूल की कैप भेट की। उन्होंने वहां पर इसरो के अतिरिक्त पांडुचेरी और महाबलीपुरम मंदिर के इतिहास और महत्व को भी जाना। शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य ज्ञान के साथ-साथ विज्ञान व गणित के उन्मुखी प्रतिष्ठाओं की कार्यप्रणाली और उनसे जुड़ी जानकारियां प्राप्त कराना है। इसके साथ ही समूह में रहने की प्रवृत्ति, नेतृत्व की क्षमता और भाइचारे की भावना प्रबल करना था। इसरो रिसर्च सेंटर में विद्यार्थियों ने कंप्यूटर, अंतरिक्ष विज्ञान की प्रयोगशाला और लाइब्रेरी पहुंच कर जानकारी हासिल की। इसरो जैसे संस्थान का दौरा न केवल उनके जीवन का सबसे बड़ा रोमांच रहा, बल्कि उनकी कल्पना को पंख भी देगा।

## श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 12 से

**जांजगीर-चांपा।** मेरी युवा बहनों संगठन सोनार समाज बलौदा द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन 12 जनवरी से 20 जनवरी तक नवल भवन नैया तालाब के पास बलौदा में किया जाएगा। कथा वाचक पंडित विनोद कुमार दुबे सिलादेही होंगे। कथा का शुभारंभ शुक्रवार 12 जनवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। इसके बाद वेदी स्थापना होगी। 13 जनवरी कोभागवत षटाध्यायी, 14 जनवरी को परीक्षित जन्म, 15 जनवरी को ध्रुव चरित्र, जड़भरत प्रसंग, 16 जनवरी को वामन अवतार, रामकृष्ण जनमोत्सव, 17 जनवरी को श्रीकृष्ण बाललीला, गोवर्धन धारण, 18 जनवरी को श्रीकृष्ण रुखमणी विवाह, 19 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष व चढ़ोतरी तथा 20 जनवरी को गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, सहस्त्रधारा एवं ब्राम्हण भोज होगा। श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा की तैयारी में कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती चंचल सोनी के अलावा मेरी युवा बहनों संगठन की श्रीमती राधा सोनी, हेमा, लुभावनी, ज्योतिरानी, भगवती, नम्रता, तिलोतमा, संगीता, रोशनी, रामेश्वरी, रजनी, कविता, ममता, रानी, रश्मि, माधुरी, अंजू एवं रेवती सोनी जुटी हुई है।

## भजन-कीर्तन के साथ निकली अक्षत कलश यात्रा, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना



**गोधना।** धार्मिक नगरी अयोध्या में 22 जनवरी को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा होगा। अक्षत कलश यात्रा के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। अक्षत कलश के ग्राम पहुंचने पर लोगों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। 22 जनवरी को स्थापित होने वाले रामलला मूर्ति के दर्शन हेतु लोगों को भिन्न-भिन्न दिवस पर अक्षत कलश यात्रा के माध्यम से लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में भ्रमण करते हुए अक्षत कलश यात्रा की टीम ग्राम सलखन पहुंची जहां श्रद्धालु जनों द्वारा अक्षत कलश यात्रा में निकाली राम भगवान की मूर्ति का पूजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा कीर्तन मंडली के माध्यम से राम नाम का भजन करते हुए विभिन्न मुहल्लों से होते हुए कलश यात्रा निकाली गई।



### बोरदा में निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की मूर्ति स्थापित होने वाली है जिसके तहत देश के विभिन्न ग्रामों में अक्षत कलश यात्रा निकाली जा रही है। इस कार्यक्रम के तहत हर गांव में हर घर तक कलश से भेंट कर लोगों को श्रद्धालुओं को अयोध्या मंदिर दर्शन हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम बोरदा में अक्षत कलश यात्रा पहुंची। ग्राम वासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। वहीं श्रद्धालुओं ने कलश को बारी-बारी से अपने सिर में रखकर यात्रा को संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। यह यात्रा गांव के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए निकली और लोगों के द्वारा राम भजन कीर्तन के गाने के साथ ही आतिशबाजी भी की गई। भक्तों के द्वारा जय श्री राम के नारे भी लगाए गए।

## राज्य स्तरीय पर्वतारोहण में भाग लेने स्काउट गाइड पचमढ़ी रवाना

**चांपा।** स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के वित्तीय अनुदान से भारत स्काउट्स एवम गाइड्स छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय साहसिक संस्थान पचमढ़ी मध्य प्रदेश में 6 से 10 जनवरी तक राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास, एवं आपदा प्रबंधन शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में भाग लेने हेतु जिला के स्काउट साहिल यादव, नीरज कुमार, हर्ष चौहान, वासु कुमार, शत्रुहन लाल, धनंजय कर्ष, गाइड कुमारी अनामिका बंजारे, चांदनी कश्यप, मोनिका कंवर , प्रिया वर्मा , पूर्वसी साहू ,सोनाली पटेल , नैना सूर्यवंशी, देविका देवांगन 5 जनवरी को नर्मदा एक्सप्रेस से पचमढ़ी के लिए रवाना हुए।

संरक्षक शिक्षक के रूप में जिला संघ द्वारा भूपेन्द्र कुमार पटेल व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरवानी एवं कु श्वेता जायसवाल व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा का चयन किया गया है। इस शिविर में स्काउट गाइड पर्वतारोहण कर साहसिक गतिविधियां करेंगे साथ ही तीरंदाजी ,रायफल शूटिंग,घुड़सवारी करेंगे। धूपगढ़ की पहाड़ियों का भ्रमण करते हुए जटाशंकर , पाण्डव गुफा आदि का दर्शन करेंगे। साहसिक गतिविधियां के अंतर्गत सैनिक अभ्यास भी करेंगे। आपदा प्रबंधन के विविध तरीकों को जानेंगे। शिविर में भाग लेने वाले स्काउट गाइड को भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ के अध्यक्ष कमल देवांगन, जिला मुख्य आयुक्त जितेन्द्र कुमार तिवारी, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी



शिविर में भाग लेने रवाना होते स्काउट गाइड।

श्रीमती भारती वर्मा, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी बम्हनी डीह महेन्द्र धर दीवान, विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ विजय कुमार लहरे, खण्ड समन्वयक बम्हनी डीह हिरेंद्र कुमार बेहार, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्ना थवाईत, जिला सचिव परमेश्वर स्वर्णकार, जिला संगठन आयुक्त मोहन लाल कौशिक, जिला प्रशिक्षण आयुक्त पुरान पटेल, ए एल टी सुरेन्द्र कुमार सोनी, प्राचार्य योगेन्द्र कुमार शुक्ला ,व्यायाम शिक्षक रमेश कुमार तिवारी, जिला मुख्यालय आयुक्त श्रीमती राम बाई स्वर्णकार ने शुभकामना व्यक्त करते हुए जिला मुख्यालय जांजगीर से रवाना किया।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर होगा रामायण गायन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

धार्मिक नगरी श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगा। इस अवसर पर श्री महालक्ष्मी पूजन उत्सव समिति द्वारा शांति चौक बिर्रा में एक दिवसीय रामायण गायन, वादन और वाचन का आयोजन किया गया है।

इस शुअवसर को ऐतिहासिक बनाने महालक्ष्मी पूजन उत्सव समिति के सदस्यों ने ऋषभतीर्थ दमउदहरा की बैठक में निर्णय लिया। आचार्य पं जितेन्द्र कृष्ण महराज ने कहा कि अखिल ब्रह्माण्ड के नायक प्रभू श्री राम जी के विग्रह स्वरूप प्राण प्रतिष्ठा धार्मिक समारोह 22 जनवरी सोमवार का दिन हम भारतवासी के लिए ऐतिहासिक दिन है और इस शुभ दिन सुबह 10 बजे से रामजी, हनुमान जी और मां लक्ष्मी



बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

जी की पूजा अर्चना कर एक दिवसीय रामायण का शुभारंभ होगा। वहीं सायंकालीन समय में असंख्य दीप प्रज्वलित किए जाएंगे और शुभ दीपावली पर्व मनाएंगे। समीति के अध्यक्ष डॉ कुश पटेल ने आयोजन को सफल बनाने की बात कही। इस अवसर पर विशेष रूप से संतोष प्रजापति, रामस्नेही यादव, कृष्णों साहू, सुकलाल कहार, गणेशराम पटेल रमेश जायसवाल हरनारायण केंवट मंतोष केंवट, मदनलाल साहू, संतोष साहू, कौशलेश साहू, कार्तिक पटेल, अशोक कुमार साहू, तोशेष साहू परसराम कहार सहित महालक्ष्मी पूजन उत्सव समिति शांति चौक बिर्रा के सदस्य उपस्थित थे।

### पंडित राम सरकार पांडेय शासकीय स्कूल में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# शारीरिक रुप से दक्ष होने पर होता है मानसिक विकास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पंडित राम सरकार पांडेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुटरा में शनिवार को अनेक प्रकार के खेलों का आयोजन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया।

पहली कड़ी में विद्यालय के व्याख्याता एवं राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक अनुराग तिवारी के नेतृत्व में 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वी और 10वीं के साथ-साथ सीनियर वर्ग से 11वीं और 12वीं के छात्रों ने भी अपनी सहभागिता निभाई। इसके उपरांत गोला फेक प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय के व्याख्याता अवधेश शर्मा के द्वारा किया गया। कक्षा 10वीं और 11वीं के छात्र समूह के बच्चों ने इसमें अपनी सहभागिता



सेमिनार में बच्चों को जानकारी देते शिक्षक।

निभाई। प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं के छात्र शुभम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के व्याख्याता उमेश चौबे एवं लोकपाल सिंह के साथ के के कश्यप के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 9वीं से लेकर के 12वीं तक के बच्चों ने अपनी सहभागिता निभाई। सर्वप्रथम 10वीं की छात्राओं ने 9वीं की छात्राओं को कबड्डी प्रतियोगिता में परास्त किया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं के द्वारा अपने से सीनियर कक्षा 12वीं की छात्राओं को रोमांचक प्रतियोगिता में परास्त किया गया। इसी प्रकार से बालक वर्ग की प्रतियोगिता में कक्षा नवमी के छात्रों के द्वारा अविनाश यादव के नेतृत्व में कक्षा दसवीं के छात्रों को पराजित किया गया। प्रतियोगिता की दूसरी कड़ी में कक्षा ग्यारहवीं के छात्रों ने कक्षा 12वीं के छात्रों को दो मुकाबले में परास्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से आगामी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था। बच्चे यदि शारीरिक रूप से दक्ष होंगे तो निश्चित ही उनका मानसिक विकास होगा। खेल प्रतियोगिता के बाद विद्यालय में एक लघु सेमिनार का आयोजन किया गया। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर के व्याख्याता अनीश देवांगन एवं छेद राम बरेठ ने बच्चों को पॉलिटेक्निक कॉलेज में भर्ती होने संबंधी टिप्स दिए।

